हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 अप्रैल 2024

04 हमें अपनी वास्तविकता को छुपाना नहीं ...



07 हनुमान उत्सव आयोजन की पूर्व तैयारी के संबंध में ...





## खबर संक्षेप

### जब्त शुदा चावल 109.35 क्विंटल का विक्रय के लिए नीलामी 23 को

**सीहोर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आष्टा ने जानकारी दी कि प्रकरण क्र.8 एवं प्रकरण क्र 13 में न्यायालय कलेक्टर सीहोर द्वारा पारित आदेश के तहत जप्तशुदा चावल 88.85 एवं 20.50 क्विंटल कुल 109.35 क्विंटल की खुली नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 23 अप्रैल 2024 को समय दोपहर 12 बजे MPWLC कार्यालय शासकीय गोदाम क्रमांक 04 पानी की टंकी के पास कन्नौद रोड आष्टा में उपस्थित होकर भाग ले सकते है।विस्तृत जानकारी एवं शर्ते के लिए खाद्य शाखा तहसील आष्टा, जिला सीहोर में कार्यालयीन दिवसों में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त कर सकते है एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आष्टा के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### टर्म एंड एग्जाम के फार्म 22 तक भरे जाएंगे

**सीहोर।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जून-2024 टर्म एंड परीक्षा (टीईई) के लिए परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तारीख 22 अप्रैल तक बढ़ा दी है। इससे पहले बिना विलंब शुल्क के पंजीकरण की समय सीमा 31 मार्च निर्धारित की थी। इच्छुक उम्मीदवार इग्नू की अधिकारिक वेबसाइट exam.ignou.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों की थ्योरी और प्रैक्टिकल कोर्स के लिए प्रति कोर्स 200 रुपए का भुगतान करना होगा। 22 अप्रैल के बाद आवेदन करने वाले उम्मीदवारों से 1100 रुपए विलंब शुल्क लिया जाएगा।

### मुख्य परीक्षा के आवेदन 25 से भरे जाएंगे

**सीहोर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2023 के ऑनलाइन आवेदन जमा करने से लेकर परीक्षा कराई जाने तक की नई तिथियां घोषित की हैं। इसके अनुसार ऑनलाइन आवेदन 25 अप्रैल से 14 मई 2023 को दोपहर 12 बजे तक जमा कराए जा सकेंगे। परीक्षा 30 जून को आयोजित की जाएगी। राज्य वन सेवा परीक्षा प्रारंभिक का रिजल्ट 25 जनवरी को घोषित किया गया था। इस परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे। मुख्य परीक्षा 30 जून को इंदौर, भोपाल, जबलपुर एवं ग्वालियर स्थित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

### सरकारी स्कूलों में ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम

**सीहोर।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की जानकारी देने के लिये राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ने 53 चयनित सरकारी स्कूलों में शुरूआत की है। यह पाठ्यक्रम जून-2022 से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। पाठ्यक्रम से चयनित स्कूलों के विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक सिखाने में सहायता मिल रही है।

# राम नवमी : महानवमी शुभ मूहर्त संयोग में मनेगा राम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चैत्र माह की नवमी को रामनवमी कहा जाता है। इस दौरान नवरात्रि भी रहती है तो इसे दुर्गा नवमी और महानवमी भी कहा जाता है। इस बार 17 अप्रैल बुधवार के दिन रामनवमी रहेगी। पूरे देश में इसे धूमधाम से मनाया जाएगा और साथ ही में नवमी पर नवरात्रि की नौवीं माता सिद्धिदात्री की पूजा भी होगी। दोनों ही हिंदू सनातन धर्म के खास त्योहार है।

चैत्र शुक्ल नवमी पर श्री राम का जन्म हुआ था इसलिए इसे रामनवमी के रूप में मनाया जाता है, जबकि इसी दिन महानवमी नवरात्रि के नौ दिनों के अंत में मनाई जाती है जो देवी दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित है। रामनवमी पर दिन के मध्य में श्रीराम की पूजा होती है, रामलीला और भजन संध्या जैसे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होते हैं जबकि महानवमी पर मां दुर्गा की नौवीं शक्ति सिद्धितात्री पूजा की जाती हैरामनवमी के दिन श्री राम मंदिर में और पूजा आरती के बाद पंजरी प्रसाद बांटा जाता है जबकि इसी दिन नवरात्रि के व्रत का पारण करके कन्याओं को भोजन कराया जाता है।महानवमी के पर माता का हवन करके पूजा का समापन करते हैं और जवारे का विसर्जन करते हैं। रामनवमी के उत्सव में यह सब नहीं किया जाता है। रामनवमी के उपलक्ष में रामचरित-मानस पाठ, राम रक्षा स्त्रोत, राम चालीसा, मूल रामायण या राम गीता का पाठ किया जाता है जबकि महानवमी पर दुर्गा सप्तशती का पाठ, चंडी पाठ या दुर्गा चालीसा का पाठ करते हैं।रामनवमी में दिन में पूजा का महत्व है जबकि महानवमी पर नवरात्रि की रात्रि में पूजा का खास महत्व है। खासकर प्रदोष काल और निशीथ काल में पूजा करते हैं। श्रीकृष्ण का जन्म मध्यरात्रि में हुआ था तो वहीं श्रीराम का जन्म मध्याह्न में हुआ था। ज्योतिष पदम भूषण स्वर्ण पदक प्राप्त ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा ने बताया की इसीलिए राम जी की पूजा मध्याह्न में और श्रीकृष्ण जी की पूजा मध्यरात्रि में विशेष मुहूर्त में की जाती है। दोनों की ही पूजा की विधि भी अलग अलग है। राम नवमी मध्याह्न मुहूर्त और पूजा विधि। प्रतिवर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन अभिजीत मुहूर्त में राम नवमी यानी राम जन्मोत्सव मनाया जाता है। राम जी का जन्म इस बार कैलेंडर के अनुसार 17 अप्रैल 2024 बुधवार के दिन रहेगा।पंडित शर्माके अनुसार राम नवमी के शुभ मुहूर्त 17 अप्रैल 024 राम नवमी मध्याह्न मुहूर्त सुबह 11:10 से दोपहर 01:43 के बीच। विजय मुहूर्त दोपहर 02:34 से 03:24 तक। गोधूलि मुहूर्तशाम 06:47 से 07:09 तक। सायाह्न सन्ध्या शाम 06:48 से रात्रि 07:56 तक। रवि योग पूरे दिन रहेगा।



### रामनवमी की सरल पूजा विधि

पंडित शर्मा ने बताया कि पूजन में शुद्धता व सात्विकता का विशेष महत्व है, इस दिन प्रातःकाल स्नान-ध्यान से निवृत हो भगवान का स्मरण करते हुए भक्त व्रत एवं उपवास का पालन करते हुए भगवान का भजन व पूजन करते हैं। नित्य कर्म से निवृत्त होने के बाद अपने ईष्ट देव या जिसका भी पूजन कर रहे हैं उन देव या भगवान की मूर्ति या चित्र को लाल या पीला कपड़ा बिछाकर लकड़ी के पाट पर रखें। मूर्ति को स्नान कराएं और यदि चित्र है तो उसे अच्छे से साफ करें। पूजन में देवताओं के सामने धूप, दीप अवश्य जलाना चाहिए। देवताओं के लिए जलाए गए दीपक को स्वयं कभी नहीं बुझाना चाहिए। फिर देवताओं के मस्तक पर हलदी कुंकू, चंदन और चावल लगाएं। फिर उन्हें हार और फूल चढ़ाएं। फिर उनकी आरती उतारें। पूजन में अनामिका अंगुली (छोटी उंगली के पास वाली यानी रिंग फिंगर) से गंध (चंदन, कुमकुम, अबीर, गुलाल, हल्दी, मेहंदी) लगाना चाहिएपूजा करने के बाद प्रसाद या नैवेद्य (भोग) चढ़ाएं। ध्यान रखें कि नमक, मिर्च और तेल का प्रयोग नैवेद्य में नहीं किया जाता है। प्रत्येक पकवान पर तुलसी का एक पत्ता रखा जाता है।अंत में आरती करें। जिस भी देवी या देवता के तीज त्योहार पर या नित्य उनकी पूजा की जा रही है तो अंत में उनकी आरती करके नैवेद्य चढ़ाकर पूजा का समापन किया जाता है। श्रीराम के सबसे प्रिय पदार्थ धनिया पंजीरी, राम भोग, कलाकंद, खीर, बर्फी, गुलाब जामुन आदि को भोग और प्रसाद के रूप में तैयार करके पहले से ही रख लें। पूजा के बाद घर की सबसे छोटी महिला अथवा लड़की को घर में सभी जनों के माथे पर तिलक लगाना चाहिए।घर के ईशान कोण में ही पूजा करें। पूजा के समय हमारा मुंह ईशान, पूर्व या उत्तर में होना चाहिए। अन्य ओर मुख करके पुजा न करें। पूजन के समय पंचदेव की स्थापना जरूर करें। सूर्यदेव, श्रीगणेश, दुर्गा, शिव और विष्णु को पंचदेव कहा गया है।

### विदिशा और भोपाल संसदीय क्षेत्र के व्यय प्रेक्षकों ने एसएसटी जांच नाके और एआरओ कार्यालय का किया निरीक्षण

# लोस चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें: व्यय प्रेक्षक

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बुधनी एवं इछावर विधानसभा तथा भोपाल संसदीय क्षेत्र के तहत सीहोर विधानसभा क्षेत्र शामिल है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए भारत निवार्चन आयोग द्वारा विदिशा एवं भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मेहुल भारत जैन (आईआरएस) तथा अनन्या सिन्हा (आईआरएस) ने कलेक्टर कार्यालय में बैठक कर विदिशा एवं भोपाल संसदीय लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में दोनों व्यय प्रेक्षकों ने अधिकारियों से कहा कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कढ़ाई से पालन करें।

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने दोनों व्यय प्रेक्षकों को निर्वाचन खर्चे की निगरानी के लिए की गई व्यवस्थाओं, वीडियो अवलोकन दलों, उड़नदस्तों सहित वीडियोग्राफी, मीडिया प्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण टीम आदि तैयारी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विदिशा एवं भोपाल संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बुधनी एवं इछावर विधानसभा तथा भोपाल संसदीय क्षेत्र के तहत सीहोर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। बुधनी में 363, इछावर में 275 तथा सीहोर में 265 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बुधनी विधानसभा में 276599 मतदाता तथा इछावर विधानसभा के अन्तर्गत 226913 मतदाता है। इसी प्रकार भोपाल संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत सीहोर विधानसभा में 223652 मतदाता है।

बैठक में एसपी मयंक अवस्थी जिले की तीनों संसदीय क्षेत्रों की कानून व्यवस्था की जानकारी देते हुए पुलिस द्वारा अभी तक की गई कार्यवाहियों से अवगत कराया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, एसडीएम इछावर जमील खान, सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

### एसएसटी जांच नाके का व्यय प्रेक्षक ने निरीक्षण किया



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक मेहुल भारत जैन ने बुधनी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ऑवलीघाट में बनाए गए एसएसटी जांच नाके में वाहन चेकिंग एवं तलाशी की कार्यवाही का निरीक्षण किया। भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक अनन्या सिन्हा ने सीहोर एआरओ कार्यालय का निरीक्षण भी किया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी तन्मय वर्मा ने सीहोर विधानसभा के निर्वाचन तैयारियों की जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक श्री जैन ने जांच नाके में रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण किया तथा जांच दल के कर्मचारियों से वाहन चेकिंग की व्यवस्था, बेरिकेडिंग, वाहनों की तलाशी, जब्ती आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित सीमा से अधिक नगदी एवं निर्वाचन को प्रभावित करने वाली अन्य सामग्रियों की सघन जांच की जाए। श्री जैन ने भैरूंदा सर्किट हाउस में बैठक कर सभी संबंधित अधिकारियों ने निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही व्यय लेखा दल को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, सहायक रिटर्निंग अधिकारी राधेश्याम बघेल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी मदन सिंह रघुवंशी तथा एसडीओपी दीपक कपूर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### व्यय प्रेक्षकों ने कलेक्टर कार्यालय के विभिन्न निर्वाचन सेल का निरीक्षण किया

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विदिशा एवं भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक मेहुल भारत जैन तथा अनन्या सिन्हा ने कलेक्टर कार्यालय में चल रही विभिन्न निर्वाचन संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण किया और विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल, निर्वाचन व्यय लेखा सेल, जिला कन्ट्रोल रूम, वीवीटी आदि कक्षों का निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यवाही को देखा। इस दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए संचालित किए जा रहे विभिन्न सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान एसपी मयंक अवस्थी, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, एसडीएम इछावर जमील खान, सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

## सीहोर की तेज गेंदबाज यामनी का मध्यप्रदेश की ट्रायल में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज यामनी सिंह का चयन अंडर-15 मध्यप्रदेश टीम की ट्रायल के लिए चयन किया गया है। गत दिनों नर्मदापुरम के अलावा अन्य प्रतियोगिता में अपनी गेंदबाजी का जलवा बिखरने वाली यामनी शहर के बीएसआई मैदान पर पीपीसीए अकादमी की ओर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। मात्र 11 साल की आयु में ही तेज गेंदबाजी करने वाली यामनी ने अपना लक्ष्य हासिल करना शुरू कर दिया है। उनके कोच सहित अन्य का अनुभव उनके साथ है।

इस संबंध में डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बहुत ही कम उम्र में ही अपनी शानदार गेंदबाजी की बदौलत यामनी ने भोपाल में प्रदेश की करीब 250 बच्चियों के ट्रायल कैंप में सटीक गेंदबाजी का परिचय देते हुए मध्यप्रदेश की अंडर-15 के ट्रायल में स्थान पक्का किया है। इंदौर के होलकर मैदान में 16 अप्रैल से दो दिवसीय इस शिविर में वह 50 खिलाड़ियों में शामिल है। उसकी इस उपलब्धि पर सीहोर विधायक जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, पीपीसीए के कोच चेतन मेवाड़ा, अतुल त्रिवेदी, सचिन वर्मा आदि ने बधाई है।



### सामुदायिक भोज में शामिल होने पर उम्मीदवार का खर्च जुड़ेगा

**सीहोर।** चुनाव लड़ने वाला अभ्यर्थी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी भी सामुदायिक भोज या लंगर में शामिल होता है तो ऐसे सामाजिक समारोह पर किया गया खर्च अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के रूप में माना जाएगा। इसे उसके निर्वाचन व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा। आयोग ने कहा है कि निर्वाचकों से मिलने के लिए आयोजित किए जाने जाने वाले ऐसे सामुदायिक भोज के कार्यक्रम भले ही किसी नाम से बुलाए गए हों अथवा खुद अभ्यर्थी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ही क्यों न आयोजित किए गए हों यदि अभ्यर्थी उसमें भाग लेता है तो इस पर होने वाले खर्च को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जाएगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह निर्देश धार्मिक समुदायों द्वारा अपने संस्थानों के अंदर प्रथागत तौर पर आयोजित लंगर, भोज या कोई समारोह जैसे शादी, मृत्यु आदि के सामान्य भोज पर लागू नहीं होगा।

### पशु आहार संयंत्र के सुरक्षाकर्मियों से हो रही अवैध वसूली

## सुरक्षा अधिकारियों और मैनेजर पर मनमानी करने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

**सीहोर।** सीहोर से करीब पांच किमी दूर इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर स्थित पशु आहार संयंत्र मनमानी का केन्द्र बना हुआ है। संयंत्र में काम करने वाले सुरक्षा गार्डों के वेतन सालों से तीन हजार रुपए महीने अवैध वसूली की जा रही है। सुरक्षा गार्डों ने इसकी शिकायत पांच दिन पहले कलेक्ट्रेट में की है, लेकिन अभी उनकी सुनवाई नहीं हुई है। इससे सुरक्षा गार्डों के समक्ष रोजी रोटी का संकट बन गया है। संयंत्र बीते करीब एक सप्ताह से बिना सिक्युरिटी के काम कर रहा है। यहां के सुरक्षा कर्मियों ने सुरक्षा अधिकारी और मैनेजर की मनमानी से तंग आकर अपनी वर्दियां टांगकर काम बंद कर दिया है। पचामा संयंत्र के गार्ड हर महीने की अवैध वसूली से यह लोग तंग आ चुके हैं। सुरक्षा एजेंसी के मालिक व संयंत्र मैनेजर से शिकायत के बाद भी कोई लाभ नहीं होने पर सुरक्षा कर्मियों ने यह कदम उठाया।



#### कई सालों से चल रही अवैध वसूली

पशु आहार संयंत्र में सुरक्षा के लिए एक सिक्यूरिटी सर्विस के दर्जन भर से अधिक गार्ड तैनात किए गए है। इन गार्डों को प्रतिदिन 411 रूपए के हिसाब से वेतन दिया जा रहा है, जो 26 दिन कार्य करने पर 10 हजार छह सौ रुपए होते हैं। इन गार्डों ने कलेक्ट्रेट की शिकायत में आरोप लगाया कि प्रतिमाह वेतन में से संयंत्र पर तैनात सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रति गार्ड से तीन हजार रुपए तक की वसूली की जाती है। लंबे समय नाममात्र के वेतन पर काम करने वाले सुरक्षाकर्मियों का सब्र जवाब दे गया तो उन्होंने अपनी वर्दियां कार्यालय में जमा करते हुए काम बंद कर दिया। जिसके चलते दस एकड़ से अधिक के रकबे में स्थित पचामा पशु आहार संयंत्र की सुरक्षा खतरे में आ गई है। इधर, गार्डों के सामने अब रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी हेमंत मालवीय का कहना है कि 2 साल से ज्यादा सिक्योरिटी में एक ही स्थान पर गार्ड को नहीं रखा जा सकता है इसलिए उनका ट्रांसफर भोपाल दुग्ध संघ किया जा रहा है तो झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

### निजी स्कूलों में ज्यादा एडमिशन हो सके, इसलिए शुरु कर दी थी प्रवेश प्रक्रिया

# आठ फरवरी को खुलना थी दूसरे चरण की लॉटरी, कोर्ट के स्टे से रुकी, सुनवाई 29 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

निजी स्कूलों में नया सत्र शुरु होने के साथ ही आरटीई में भी एडमिशन हो सकें, इसके लिए फरवरी महीने के आखिरी दिनों से ही एडमिशन प्रक्रिया शुरु हो गई थी, लेकिन निजी स्कूलों के हाई कोर्ट में जाने के कारण एडमिशन प्रक्रिया बीच में ही रुक गई है। यही वजह है कि आरटीई के दूसरे चरण की लॉटरी ही नहीं खुली है। अब हाई कोर्ट में 29 अप्रैल को अगली सुनवाई है इसके बाद ही कुछ फैसला हो सकता है। सीहोर जिले में भी दूसरे चरण में 258 सीटों के दूसर लिए लॉटरी खोलना थी। लेकिन अब लॉटरी कब खुलेगी इस संबंध में स्थानीय अधिकारी भी कुछ कहने की स्थिति में नहीं है।

बता दें कि इस साल आरटीई के तहत गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश संबंधी आदेश में प्रशासन ने कहा गया था कि गैर-सरकारी स्कूलों द्वारा धारा 12 (1) (सी) के तहत आरटीई प्रवेश के लिए सीटें यूडीआईएसई डेटा सत्र 2023-24 के लिए स्कूल द्वारा दर्ज किए गए औसत नामांकन (नर्सरी से कक्षा 1 तक) के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

इसमें कहा गया था कि 2024-25 के लिए क्लास वन में 25 फीसदी सीटें निःशुल्क प्रवेश के लिए आरक्षित होंगी। लेकिन निजी स्कूल संचालक इस बात का विरोध जता रहे थे। इसी को लेकर प्राइवेट स्कूल संचालक विरोध कर रहे थे। उनका कहना है कि प्रवेश स्तर की कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण देने का नियम है। स्कूलों के विरोध के बावजूद जबरन प्रवेश दिए गए। वहीं, इस मामले में अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

#### निजी स्कूल संचालक पहुंच थे कोर्ट

याचिकाकर्ता एसोसिएशन ऑफ अनएडेड सीबीएसई स्कूल्स के एडव्होकेट के अनुसार कोर्ट ने उस सर्कुलर पर रोक लगा दी है, जिसमें कहा गया था कि स्कूलों की प्रारंभिक कक्षा में आरटीई प्रवेश देने के लिए नर्सरी से कक्षा 1 तक का औसत लिया जाएगा। यह सर्कुलर आरटीई अधिनियम के विरोधाभासी है, जिसमें प्रवेश स्तर की कक्षा में 25% सीटों के आरक्षण की बात कही गई है, न कि सभी चार कक्षाओं के औसत के आधार पर। छाबड़ा ने कहा कि हालांकि, अभी तक अदालत ने इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं दी है कि इस साल आरटीई के तहत जो दाखिले पूरे हो चुके हैं, उनसे कैसे निपटा जाएगा। कोर्ट द्वारा सर्कुलर पर रोक जारी करने के बाद, एसोसिएशन ऑफ अनएडेड सीबीएसई ने कहा कि इंदौर उच्च न्यायालय ने आरटीई के तहत 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया पर रोक लगा दी है, जिसे मध्य प्रदेश के राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा अपनाया गया था।

## वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव खत्म होते ही चढ़ा पारा, 38 डिग्री दर्ज हुआ अधिकतम तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। ज्ञात रहे की चार दिनों तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण बार-बार मौसम का मिजाज बदला था। जिसके कारण न्यूनतम तापमान 33 डिग्री तक पहुंच गया था, लेकिन कल अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था, जो आज 38 डिग्री पर पहुंच गया है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी दिनों में अब तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज होगी और भीषण गर्मी का दौर देखने को मिलेगा। जानकारी के अनुसार अप्रैल में अब तक मौसम के दो रूप देखने को मिले हैं। जिसमें कुछ दिन पहले तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव था, जिसके कारण दोपहर के बाद तेज हवाओं के साथ चार दिनों तक लगातार बारिश हुई। जिले में कई जगह ओले भी गिरे लेकिन रविवार से मौसम का रूप फिर बदल गया है और सोमवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।अब धीरे-धीरे दिन प्रतिदिन अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज होगी और दोपहर में भीषण गर्मी के साथ लू का असर भी देखने को मिलेगा।



शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव अब लगभग काम हो गया है। दोपहर के समय तेज धूप के साथ गर्मी का एहसास लोगों को होगा। आगामी दिनों में धीरे-धीरे गर्मी का असर पड़ेगा और अधिकतम तापमान में भी इजाफा होगा।

**खबर संक्षेप**



### बारिश से किसानों का भूसा हुआ खराब

**सीहोर।** ग्राम पंचायत बरखेड़ी आलमपुरा में पिछले दिनों हुई बेमौसम बारिश से कई किसानों का भूसा सड़ चुका है, जो किसानों के लिए बहुत ही आर्थिक संकट पैदा करने वाला है, क्योंकि इस साल गेहूं की नलवाई कमजोर होने के कारण भूसा काफी कम निकल रहा था और वहीं, अब मौसम की मार से भूसा सड़ जाने के कारण किसानों को बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सेबी: 97 पदों पर निकली भर्ती स्थगित

**सीहोर।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ग्रेड ए असिस्टेंट मैनेजर के पदों पर वैकेंसी के नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसे चुनाव के चलते स्थगित कर दिया गया है। सेबी ने एक शर्ट नोटिफिकेशन जारी कर इस बारे में सूचना भी दी है। इस भर्ती के अंतर्गत 97 पद भरे जाना थे। वहीं पद के अनुसार किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी विषय में मास्टर डिग्री/पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री, इंजीनियरिंग की डिग्री के साथ वर्क एक्सपीरियंस मांगा गया था। नियुक्ति चयन परीक्षा पर आधारित थी, जिसमें फेस-1 ऑनलाइन परीक्षा होना थी। जिसमें दो पेपर होते हैं। जो उम्मीदवार फेस-1 की परीक्षा को पास करते हैं वह फेस टू की परीक्षा में शामिल होते हैं। जो दोनों फेस की ऑनलाइन परीक्षा में पास होते हैं, उन्हें इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।

### उम्मीदवारों को शपथ-पत्र के सभी कालम भरना होगा

**सीहोर।** लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार को प्रारूप 26 में शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शपथ-पत्र में उम्मीदवार के नाम पर विदेश में कोई संपत्ति है तो विदेश में जमा राशि, अपनी चल अचल-संपत्ति का ब्यौरा भी देना अनिवार्य है। शपथ-पत्र में उसे अपना पेन नम्बर भी देना होगा। यह शपथ उसे पब्लिक नोटरी या ओथ कमिश्नर अथवा प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के समक्ष लेनी है।

---

विश्वनाथपुरी में संगीतमयी नौ दिवसीय श्री रामकथा के दूसरे दिन बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# हमें अपनी वास्तविकता को छुपाना नहीं चाहिए:उद्धवदास

कथा में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह की झांकी बनाई गई और भगवान की बारात निकाली गई जिसमें सभी ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जब भगवान भोलेनाथ का माता पार्वती से विवाह हुआ तब वे अपनी बारात लेकर अपने मूल स्वरूप में ही पहुंचे, इससे सब देवता उनकी बारात से पृथक होकर विवाह में पहुंचे किन्तु भोलेनाथ न केवल अपने स्वभाव से पहुंचे बल्कि बाराती भी अपने गणों को ही बनाकर ले गए, इस माध्यम से उन्होंने यह संदेष दिया कि आप अपनी प्रकृति और मूल स्वभाव को ज्यादा दिन किसी से छिपाकर नहीं रख सकते, जब भी आप अपनी वास्तविकता को छुपाकर कोई कार्य करोगे और जब असलियत सामने आएगी तब आप सामने वाले को कोई जवाब नहीं दे सकोगे।

उक्त आषय के उदगार सुप्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक श्रीश्री 1008 महंत श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी आश्रम सीहोर ने शहर के सीवन स्काई सिटी के नजदीक विष्वनाथपुरी में स्थित प्रसिद्ध श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर शनिवार से नौ दिवसीय संगीतमयी श्री रामकथा के दूसरे दिवस बडी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को रामरस में सराबोर करते हुए व्यक्त किए। महाराजश्री ने कहा कि आजकल माता पिता भी चाहते हैं कि उनके बच्चे सही रास्ते पर चले और सदगुण अपनाए किन्तु इसके लिए पहले माता-पिता को ही आदर्ष बनकर उदाहरण प्रस्तुत करना होगा बच्चे घर से ही ज्यादा सीखते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को चाहिए कि वे अपने माता-पिता का आदर करें और उनके द्वारा पालन-पोषण में किए गए त्याग को समझे, बच्चों को माता-पिता से कभी भी उंची आवाज में बात नहीं करना चाहिए। महाराज जी ने कहा कि दूसरों को तो समझाया जा सकता है किन्तु अपनों को समझाना कठिन है, इसी प्रकार भगवान भोलेनाथ भी माता पार्वती को न तो सती रूप में श्री राम की परीक्षा नहीं लेने को समझा पाए न पार्वती रूप में पिता के घर बिन बुलाए जाने से रोक पाए। उन्होंने प्रेम में वह शक्ति है कि वह सभी को बदल सकता है चाहे राक्षस ही क्यों न हो प्रेम उसका स्वभाव और सोच बदलने पर मजबूर कर सकता है। कथा में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह की झांकी बनाई गई और भगवान की बारात निकाली गई जिसमें सभी ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। अपनी सुमधुर वाणी में महाराज जी ने कई भजन सुनाए जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गत 13 अप्रैल शनिवार से 21 अप्रैल रविवार तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक नौ दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में शहर उद्धवदास त्यागी महाराज श्रीराम कुटी त्यागी आश्रम सीहोर द्वारा सभी भगवत जनों को रामकथा की रसास्वादन कराया जा रहा है।

कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष पद अमित नीखरा मंदिर समिति के अध्यक्ष अनारसिंह चैहान, संरक्षक कमलसिंह ठाकुर, पं. ओमप्रकाष शर्मा, एमएस परमार, मुकेष भावसार, इन्द्रजीतसिंह, महेन्द्रसिंह चैहान, गोपालदास अग्रवाल, भानुप्रसाद गौर, राहुल वर्मा, कथा आयोजन समिति के उपाध्यक्ष पंकज ठाकुर, संतोष परमार, सुमित गिरोंदिया, सचिव मोहब्बतसिंह तोमर, कोषाध्यक्ष किषन राठौर, आनंद अग्रवाल तथा मीडिया प्रभारी संजय भावसार सहित शुभम मालवीय, मुकेष प्रजापति ,मनोज दुबे, नीरज ठाकुर, संतोष दरबार आदि अनेक समिति सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमी जनों से अधिक से अधिक संख्या में श्रीराम कथा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

कथा समापन के अगले दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में अखंड रामायण का पाठ भी किया जाएगा जो 22 अप्रैल को प्रातः प्रारंभ होगा एवं 23 अप्रैल को समापन पष्चात हवन किया जाएगा। इसके साथ ही सायंकाल विषाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

---

## आस्था और उत्साह के साथ मनाई जाएगी भगवान परशुराम की जयंती



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी विप्र समाज के आस्था का केन्द्र भगवान परशुराम जयंती को धूमधाम से मनाए जाने के लिए बैठकों का क्रम जारी है। देर रात्रि को महिला मंडल और युवा मंडल की बैठक का आयोजन किया गया था।

इस मौके पर सर्व सम्मति से चल समारोह अध्यक्ष रूप में महिला मंडल की ओर से श्रीमती शोभा शर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, महिला मंडल की अध्यक्ष सुश्री नीलम शर्मा, धर्मशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोहर शर्मा आदि मौजूद थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए सर्व ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गत दिनों निर्णय लिया गया था कि इस वर्ष भी परम्परानुसार जयंती मनाई जाएगी। इसके अंतर्गत आगामी 10 मई को जयंती के पावन अवसर पर सुबह भगवान की पूजा अर्चना के पश्चात भव्य रूप से वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके अलावा आगामी 12 मई को भव्य रूप से चल समारोह निकाला जाएगा। बैठक में महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम शर्मा, युवा अध्यक्ष नयन जोशी ने कोषाध्यक्ष के रूप में रुपेश तिवारी को मनोनित किया है। इसके अलावा युवा मंडल में महामंत्री के रूप में ऋषि पाराशर की नियुक्ति की गई है। इधर महिला मंडल की अध्यक्ष सुश्री नीलम शर्मा ने चल समारोह महिला मंडल की अध्यक्ष के रूप में शोभा शर्मा को सर्व सम्मति से मनोनित किया है।

## प्रभू जिसको पकड़ लेते है फिर उसे छोड़ते नही है:रविशंकर तिवारी



**सीहोर।** खामखेड़ा जत्रा में गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे है। श्रद्धालुओं को श्री हनुमान फाटक मंदिर सीहोर वाले कथा व्यास पं रविशंकर तिवारी के द्वारा संगीमय सारगर्भित कथा श्रवण कराई जा रही है। कथा के पांचवे दिन सोमवार को पं श्री तिवारी ने श्रोताओं के समक्ष भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाऐं प्रसंग प्रस्तुत किया।

बाल लीलाऐं सुनाते हुए पं श्री तिवारी ने कहा कि नन्ने कन्हैया के प्राण हरने ब्रज गई पूतना के जब प्रभू दूध पीते समय प्राण पीने लगे तो पूतना छोड़ो छोड़ों चिल्लाने लगी लेकिन भगवान जिसको पकड़ लेते है फि र उसे छोड़ते नही है और प्रभू ने पूतना जैसी राक्षसी को भी वैकुंडधाम भेज दिया था। पूतना पूर्वजन्म में राजाबली की पुत्री थी और भगवान की भक्त थी लेकिन संत श्राप के कारण वह राक्षसी हो गई थी और कंस के कहने पर कन्हैया को मारने ब्रज पहुंची थी। नंदबाबा ने विशाल पूतना का अंतिम सस्कार किया। भगवान को मारने के लिए अनेक राक्षस कंस के द्वारा भेजे गए। नंदबाबा ने विशाल पूतना का अंतिम सस्कार किया। बाल गोपी ग्याल के मनमोहक प्रसंग सुनाते हुए पं तिवारी ने कहा की भगवान ने ब्रज में खूब माखन चुराने मटकी फोडऩे और दुष्टों को नरक भेजने की लीलाऐं कर भक्ति का संदेश दिया। कथा के दौरान गोवर्धन पूजन किया गया। मुख्य यजमान के द्वारा पं हरीश तिवारी के सानिध्य में भागवत जी की विधिवत पूजा अर्चना की गई। श्रीमद भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक हो रही है।

## लोस चुनाव : एसएसटी पाइंट पर होगी सख्ती




**सीहोर।** जिले में संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बुधनी एवं इछावर और संसदीय क्षेत्र 19-भोपाल के अन्तर्गत सीहोर में सभी एसएसटी पाइंट पूरी तरह से सक्रिय रखने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने सभी अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे एसएसटी प्रभारी एवं पुलिस अधिकारी ड्यूटी के अनुसार अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर कार्य संपादित करें और सभी पॉइंट्स पर वाहन चेकिंग का रजिस्टर, और रिपोर्टिंग प्रारूप अनिवार्य रूप से उपलब्धता के साथ प्रभारी अधिकारियों को एसओपी की पुरी जानकारी होना अनिवार्य है। एसओपी की प्रति प्रत्येक एसएसटी प्वाइंट्स पर उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा निर्वाचन की तरह प्रत्येक एसएसटी पर बैनर, फ्लेक्स अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए। सीहोर लोकसभा चुनावकी ताजा खबरें पढ़ने के लिए दैनिक भास्कर ऐप डाउनलोड करें। इस लोकसभा सीट पर क्या हैं जनता के मुद्दे और क्या है चुनावी हवा। चुनाव का सबसे सटीक और डीटेल एनालिसिस।

## संविधान के बिना नहीं चलता है कोई देश, बाबा साहेब ने दिया सभी को अधिकार: महाजन



**सीहोर।** कोई भी देश संविधान के बिना नहीं चलता है बाबा साहेब अम्बेडकर ने देश को ऐसा संविधान दिया जिस ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्रिक देश बना दिया उन्होने सभी को अधिकारों से परिपूर्ण कर दिया यही कारण है की आज हम आजादी से मतदान कर लोकतंत्रिक सरकार बनाने में सहभागिता निभा रहे है उक्त बात वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन ने डोहर मोहल्ला में रविवार को आयोजित संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133 वी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

उन्होने कहा कि हमें बाबा साहेब के बताए हुए मार्ग पर चलकर देश को शक्त बनाने में सहभागिता निभाना चाहिए कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मूलचंद्र छाया ने कहा कि बाबा साहेब समाज को उन्नतीशील शिक्षित बनाना के प्रयासरत थे उन्होने कहा था कि जिस दिन मेरा पिछड़ा दलित समाज मंदिर जाना छोड़ देगा और स्कूल जाना शुरू कर देगा उस दिन मेरे लक्ष्य पूर्ण होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोविंद पहलवान, महेश राठौर, शंकरलाल छाया, प्रीतम छाया, रोहित, पवन, अभिनाश अंकित, अमन, गंगा प्रसाद छाया, जगदीश प्रसाद, विकास छाया एवं मून्नालाल जायसवाल, शेर सिंह मालवीय, पूरन मालवीय, सतीष दोहरे, मांगीलाल खरपुरिया, पुष्पेंद्र जाटव, रामप्रकाश जाटव, राजश्री छाया, सेजू बाई मालवीय, चंपा बाई, सरस्वती छाया, तेजश्वरी छाया वर्षा छाया, शीला बाई छाया मौजूद रहे।

## भगवान परीक्षा नहीं बल्कि प्रतीक्षा के विषय: पंडित देवेंद्र शास्त्री



**सीहोर।** भगवान श्रीराम तो भाव के भूखे है। भगवान परीक्षा के नहीं बल्कि प्रतीक्षा के विषय हैं। उन्होंने माता शबरी द्वारा भगवान श्रीराम की प्रतीक्षा व उनके मिलन का बड़ा सुंदर वर्णन करते हुए जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम चंदेरी में जारी श्रीराम कथा के छठवें दिन कथा व्यास पंडित देवेन्द्र शास्त्री ने कहे। उन्होंने कहा कि मतंग ऋषि के आश्रम में रहकर वह प्रतिदिन भगवान की राह निहारती रहती थी। आखिकार वह दिन भी आ गया जब श्रीराम व लक्ष्मण मतंग ऋषि के आश्रम पहुंचे। जब शबरी को पता चला कि भगवान स्वयं उसके आश्रम आए हैं। तो वह एकदम भाव विभोर हो उठी। माता शबरी ने बड़े आदरभाव से चरण कमल धोने के बाद उन्हें आसन पर बैठाया। रविवार को कथा के दौरान भगवान श्रीराम और शबरी प्रसंग के अलावा माता सीताहरण के विषय पर चर्चा की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए धर्मरक्षक यज्ञ के संचालन करने वाले पंडित श्री दुर्गाप्रसाद कटारे ने कहा कि ग्राम चंदेरी में एकादश कुडीय श्रीराम महायज्ञ, प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। सुबह यज्ञ आदि का आयोजन किया जाता है। वहीं दोपहर में कथा जारी रहती है। रविवार को शबरी प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए कथा व्यास पंडित श्री शास्त्री ने अरण्यकांड में भगवान राम शबरी की कुटिया में गए। बताते हैं कि शबरी को उनके गुरु ने कहा था, आप भक्ति करना, भगवान आपसे मिलने आपके पास आएंगे। शबरी सालों-साल कुटिया के झाड़ लगा कांटे चुनती थी, यही सोचकर की मेरे राम आएंगे तो उनके चुभ न जाएं। शबरी के सरल प्रेम में भगवान ने शबरी के जूठे बेर भी खाए थे। जो संत शबरी के ऐसा करने पर हंसते थे, भगवान उन्हीं से शबरी का पता पूछकर शबरी की कुटिया पहुंचे थे। यानी भगवान प्रेम के भूखे हैं, वे जात-पांत नहीं जानते। भक्ति का महत्व भी समझाया।

## श्रीरामनवमीं से होती है त्रेतायुग की शुरुआत:पं.मोहितराम



**सीहोर।** नवरात्रि के पावन पवित्र आठ दिन हमने देवी की आराधना करी कुलदेवी देवता को पूजा नवमी के दिन भगवान श्रीराम के प्रकट के साथ पुनः विश्व में त्रेता युग प्रारंभ हो जाएगा। हर एक हृदय में राम ही राम होंगे, सत्य ही सत्य होगा, हर प्राणी भगवान श्रीराम की शरण ग्रहण करेगा। हम सब श्रीरामराज की ओर मार्ग प्रस्त करेंगे। यही कथा भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाई की पार्वती या संसार राममय है। मैं स्वयं शंकर भी रात दिन राम नाम का जाप करके ही संसार का पालन और संघार करता हूं। उक्त कथा का वाचन हिंदू नववर्ष नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम निपानिया कलां तहसील आष्टा जिला सीहोर में चल रही सप्तशती श्री शिव महापुराण कथा के दौरान राष्ट्रीय संत परम गौभक्त कथा व्यास पंडित मोहितरामजी पाठक ने व्यक्त किया। आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा भगवान गणेश ने अपना हठ नहीं छोड़ा और माता की रक्षा के लिए संपूर्ण देवताओं से युद्ध किया साक्षात भगवान शंकर से भी भिड़ गए किंतु अपने धर्म पर अडीग रहे धर्म से पीछे नहीं आती। हम सबको भी भगवान की उपासना के साथ-साथ अपने धर्म का पालन करते हुए भगवान शिव भगवान श्री कृष्ण भगवान श्री राम सनातन के 33 कोटी देवी देवताओं की उपासना कर शरण ग्रहण करना चाहिए। यही सभी शास्त्रों का वेदों का मार्ग है। आज की कथा में बड़े ही धूमधाम से भगवान श्री गणेश का विवाह प्रजापति विश्वरूप की कन्या सिद्धि बुद्धि के साथ किया गया। जिसमें बड़ी आनंद के साथ भगवान का विवाह महोत्सव मनाया गया। आज कथा की पूर्णाहुति के साथ निःशुल्क रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। आयोजन कर्ता नवदुर्गा उत्सव समिति संपूर्ण ग्राम निपानिया कला ने संपूर्ण क्षेत्र वासियों से कथा में पधारकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

---

### बाबा साहेब के हजारों दिवानों ने निकाला चल समारोह

# आकर्षण का केंद्र बनी रही रथ पर बनी झांकियां डीजे की धुन पर नाचते खुशियां मनाते दिखे युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जय भीम के नारों से रविवार को पूरा सीहोर जिला गूंज उठा। बाबा साहेब के हजारों दिवानों ने जिला मुख्यालय पर ऐतिहासिक भव्य चल समारोह निकाला। जाटव धर्मशाला में संविधान निर्माता बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा की स्थापना की गई। प्रमुख कार्यक्रम अम्बेडकर पार्क गंज में आयोजित हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत स्वामी सत्यानंद ने हजारों लोगों को जागरूक किया। चल समारोह में रथ पर बनी झांकियां और डीजे की धुन पर नाचते खुशियां मनाते युवक युवतियां आकर्षण का केंद्र बने रहे। संविधान निर्माण भारत रत्नबाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 133 वी जयंती को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल बना रहा है। बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के अनुयाई नागरिकों के द्वारा घरों पर लाईट एवं केण्डल लगाई गई, दीप लगाए गए, मीठे पकवान बनाऐं गए। प्रमुख कार्यक्रम अम्बेडकर पार्क में सुबह आयोजित किया गया। पार्क में पहुंचकर अनेक सामाजिक , राजनैतिक धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मुरली रोड स्थित जाटव समाज धर्मशाला में बाबा साहेब की प्रतिमा की विधिवत स्थापना की गई तत्पश्चात प्रतिमा पर फूलों की वर्षा की गई।

बाबा साहेब के विचारों को जनजन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे अनेक संगठनों संस्थाओं के द्वारा संयुक्त रूप से बाल बिहार मैदान से भव्य चल समारोह का शुभारंभ किया गया। चल समारोह में नीले रंग के रूपटटों पगडिय़ों के साथ युवक युवतियां डीजे रथ बेडबाजे झांकियां और हजारों बाइक सवार बाबा साहेब के दिवाने युवा जय भीम के जय घोष के साथ आगे बढ़ते दिखाई दिए।

### महापुरुषों के चित्रों की झांकियां

चल समारोह मनकामेश्वर मंदिर तिराहा से अटल चौराहा,बड़ा बाजार, पान चौराहा, बदरी महल चौराह, कोतवाली चौराहा, इंग्लिशपुरा रोड से भोपाल नाका होते हुए मुरली रोड से डॉ अम्बेडकर धर्मशाला पहुंचा। चल समारोह में बाबा साहेब को समर्पित ओजश्स्वी तेजस्वी गीत गाते चल रहे बच्चे और युवा रथों पर सजाई गई बाबा साहेब सहित महापुरूषों के चित्रों की झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। भारत रत्न बाबा भीमराव अम्बेडकर जयंती चल समारोह का शहर के अनेक स्थानों पर सामाजिक राजनैतिक धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य संरक्षक कमलेश दोहरे, जे एस कचनेरिया, हरिओम बोद्ध, एचएन हिन्डोलिया, राजेश जांगडा, नवीन भैरवे, पवन सूर्यवंशी, शुभम कचनेरिया, गेंदालाल सूर्यवंशी, कृष्णा सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमाननीय नागरिक गण सम्मिलित रहे ।

## सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने गत दिवस निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए दण्ड प्रक्रिया के तहत आदेश जारी किये है। जारी आदेशानुसार मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत पूरे जिले में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंधित आदेश 06 जून तक प्रभावशील रहेगा । इसके साथ ही मतदान के दिन, मतदान समाप्त होने के समय से 48 घण्टे पूर्व तक किसी भी स्थिति में प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति नहीं दी जावेगी । प्रतिबंधित क्षेत्रों में समस्त अनुभागीय दण्डाधिकारी तथा उनकी अनुपस्थिति में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक के मध्य आवश्यकतानुसार मंद ध्वनि से प्रचार में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की स्वीकृति देने के लिए आदेश दिया गया है । आवेदक ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के समय अनुमति पत्र को प्रचार स्थल पर अथवा वाहन पर प्रदर्शित करेंगें । स्वीकृति आदेश की एक प्रति संबंधित पुलिस थाना प्रभारी को भेजना होगा । आदेश का उल्लंघन करने पर उपयोग में लाये जा रहे ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं अन्य उपकरणों को तत्काल जप्त कर लिया जाएगा एवं संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार द्वारा श्री जितेन्द्र सिंह पिता श्री मोती सिंह के स्वत्व,स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि खसरा क्रमांक 121/1/2/3/1/1/1 शामिल 121/2,122 रकबा 2.113 हैक्टयर मेसे विक्रय रकबा 0.007 हैक्टयर निवासी ग्राम मेहतवाडा एवं कृषक गुराडिया मंडा की भूमि को क्रय करने हेतु विक्रय पत्र निष्पादित किया गया है उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में संपत्ति पर पारिवारिक वाद, विवाद बटवारा कब्ज़ा सीमांकन रास्ता तथा डिग्री, कुर्की संबंधित विवाद सक्षम न्यालय में लंबित होने या शासकीय अर्धशासकीय बैंक संस्था, व्यक्ति विशेष का बकाया होने तथा किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में विक्रय पत्र दानपत्र अनुबंध पत्र आदि संव्यवहार होने की दशा में प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधी में मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे अन्यथा बाद म्याद उक्त संपत्ति का ई-पंजीयन मेरे पक्षकार अथवा उनके प्रतिनिधि के पक्ष में निष्पादित करवा लिया जावेगा अवधी बाहय किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा उक्त संपत्ति पर प्रथम हक़ मेरे पक्षकार का माना जावेगा सर्वसाधारण को सूचित होवे।

भवदीय, एम.पी.शुक्ला
एडवोकेट तहसील कार्यालय आष्टा जिला सीहोर मो. 9893382594

### टेकरी स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में लगेगा मेला

# हनुमान उत्सव आयोजन की पूर्व तैयारी के संबंध में किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



टेकरी स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मेले का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस वर्ष मेले का आयोजन 23 अप्रैल को होगा। टेकरी पर आयोजित होने वाले मेले के दौरान लाखों की संख्या में श्रृद्धालु दर्शन करने आते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था एवं आयोजन स्थल पर मूलभूत सुविधाओं, पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंन्हा सहित विभिन्न अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर मुआयना किया गया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा उपस्थित अधिकारियों को बूढ़े बालाजी मंदिर के सामने हुसैन टेकरी के पास पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया और बायपास के नजदीक कंट्रोल रूम के पास बनाने और टेकरी रास्ते पर रखा भसुआ हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने रास्ते में फ्रेम, होर्डिंग बोर्ड हटाने, रास्ते पर लगे अनुपयोगी बांस बल्ली हटाने, सभी प्रसाद की दुकाने बॉउंड्रीवाल से सटा कर लगाने, प्रसाद की दुकानों पर बिकने वाली मिठाई की सैंपलिंग लेने एवं जाली से ढककर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत तारों को व्यवस्थित करने तथा तीन स्थानों पर एम्बुलेंस और मेडिकल टीम लगाये जाने के निर्देश दिये।मेला स्थल पर खोया पाया केंद्र स्थापित किया जावे तथा कंट्रोल रूम से मेला ग्राउंड तक दर्शन के लिये लाइव टेलीकास्ट दिखाया जावे और दर्शन के लिये एलईडी की संख्या बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय, डिप्टी कलेक्टर अमित सोनी, डिप्टी कलेक्टर मंजूषा खत्री, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर, ईई पीडब्लूडी, ईई एमपीईबी, ईई एमपीईबी, तहसीलदार गुना जीएस बैरवा, तहसीलदार गुना ग्रामीण कमल मण्डेलिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के सब इंजीनियर बी.बी. गुप्ता सहित मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारीगण नारायण अग्रवाल, चिरौंजीलाल प्रजापति, ओपी बरौनिया, गुलशन जुनैजा, भगवान अग्रवाल, राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

# मान कार्यक्रम से लौट रहा मैजिक वाहन पेड़ से टकराकर पलटा

## एक की मौत, 12 घायल, आठ की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



थाना क्षेत्र सोमवार की शाम खजूरिया जोड़ पर सड़क हादसा हो गया। टाटा मैजिक वाहन में सवार होकर आष्टा से ग्वाला लौट रहे ग्रामीणों का वाहन खजूरिया जोड़ पर अनिंयत्रित होकर एक पेड़ से टकराकर पलट गया। इससे पिकअप में सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच बच्चे सहित 12 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर 108 वाहन पहुंचा साथ ही प्रशासनिक अमले में तहसीलदार, थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंचे और घायलों को 108 वाहन सहित राजस्व विभाग के वाहन से जावर अस्पताल पहुंचा गया। जानकारी के अनुसार ग्राम ग्वाला से ग्रामीण पारिवारिक मान कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आष्टा गए थे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद यह टाटा मैजिक वाहन से ग्राम ग्वाला लौट रहे थे, तभी खजूरिया जोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराकर पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही 108 वाहन के पायलट जितेन्द्र ठाकुर व ईएमटी चेतन ठाकुर वाहन लेकर घटना स्थल पर पहुंचे। घटना स्थल पर तहसीलदार, थाना प्रभारी राजाराम मालवीय दल बल के साथ पहुंचे। घायलों को वाहन से बाहर निकाला और 108 व राजस्व विभाग के वाहन की मदद से जावर अस्पताल पहुंचाया गया। एक की मौत, आठ गंभीर जावर अस्पताल से डॉ. अमित माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण महिला ऐलू बाई की मौत हो गई, जबकि 11 लोगों को आष्टा अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। घायलों में 8 की हालत गंभीर है। घायलों में धीरेन्द्र सिंह, विकास, आयुष, रुकमा बाई, पूजा, अर्चना, रोशन, अंकित, वर्षा, परी, भारत, योगिता, कुंता, बाई आदि शामिल हैं। घायलों में पांच बच्चे भी शामिल हैं।

### अभाविप ईकाईयों ने जिले के विभिन्न स्थानों पर किया उद्घाटन

# गर्मी में लोगों के कंठ तर करेंगी 20 समरसता प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा डॉ. अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विद्यार्थी एसएफएस के माध्यम से जिले के 16 विभिन्न स्थानों पर समरसता प्याऊ बनवाई गईं हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए लिए गए इस पुनीत निर्णय के तहत सभी स्थानों पर कई मटके कार्यकर्ताओं ने रखवाए हैं जो लोगों का कंठ तर करेंगे।

अभाविप पदाधिकारियों ने बताया कि गर्मी के मौसम में कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे व राहगीरों को शीतल व स्वच्छ जल मिल सके इस हेतु से समरसता प्याऊ बनाकर समरसता का जल सभी को पिलवाया जाएगा। इससे समाज के समरसता का भाव भी प्रसारित होगा। अभाविप के जिला संयोजक अमन व्यास ने बताया कि परिषद विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के पानी पीने जलपात्र/सकोरे भी रखवा रही है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने आधिकाधिक लोगों से आव्हान किया है कि वे भी अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों व निर्जन क्षेत्रों में लगे पेड़ों इत्यादि पर पक्षियों के लिए जलपात्र टंगवाए।



शुभारंभ अवसर पर विभाग संघटन मंत्री धमेंद्र दांगी, एसएफडी जिला संयोजक सुनील दांगी सहित कार्यकर्ता व सेवाभावीजन उपस्थित थे।

### पुलिस का धरपकड़ अभियान जारी

# 2016 से पुलिस को चकमा दे रहा आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पुलिस मुख्यालय भोपाल से मिले निर्देशों के तहत अर्से से फरार चल रहे आरोपियों को पकडने जिला पुलिस ने विशेष अभियान चलाया हुआ है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा स्वयं इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसी कड़ी में राजस्थान बार्डर स्थित भोजपुर पुलिस ने साल 2016 से एक अपराध में फरार चल रहे स्थाई वारंटी बदमाश को पकड़ने में सफलता पाई है।

थाना प्रभारी सुनील केवट को अपने विष्वसनीय सूत्रों एवं मुखबिरों से सूचना मिली थी कि धोखाघड़ी व अन्य आरोपों के चलते अपराध क्रमांक 357/16 के तहत फरार आरोपी भैरूलाल पिता विरामसिंह निवासी ग्राम लखोनी राजस्थान के इकलेरा में छिपा हुआ है। सूचना के बाद टीम बनाकर आरोपी को पकडने तहसील चैराहा, इकलेरा जिला झालावाड़ पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने उसे पकड़ते हुए भोजपुर थाने लाया गया। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में अषोक कटारिया, मुकेष पवैया, वीरेंद्र रावत, विनोद, देवेंद्र, विषेष जाट का विषेष योगदान रहा।

### साप्ताहिक हाट-बाजार में चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



**खुजनेर।** नगर में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत साप्ताहिक हाट-बाजार में नगर पालिका की टीम द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। इस दौरान नागरिकों से अनिवार्य मतदान का आव्हान करते हुए उन्हें इस हेतु जागरुक किया गया। नगर परिषद सीएमो उमेष शर्मा ने कहा कि सभी नागरिकों को मतदान अवष्य करना चाहिए। इससे लोकतंत्र मजबूत होता है। कार्यक्रम में भूपेंद्र लोहिया, अमित यादव, भगवान सिंह यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# शतचंडी महायज्ञ के पंचम दिवस दीपोत्सव का आयोजन


### भैंसवा माता शक्तिपीठ पर प्रतिदिन चल रहे अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भैंसवा माता की पहाड़ी पर चल रहे शतचंडी महायज्ञ के पांचवे दिवस शनिवार रात्रि दीपोत्सव का आयोजन किया गया। माता की पहाड़ी सहित 108 हवन वेदियों पांडाल करीब ढाई लाख से अधिक माटी के दीपकों से जगमगा उठा। इस दौरान रंगबिरंगी आतिषबाजी भी की गई। महायज्ञ में यजमानों के परिवारजनों सहित भैंसवा कलाली, हराना, दराना, भोनीपुरा, पाड़ल्या सहित आसपास के कईं गांवों के हजारों ग्रामीण आयोजन में शामिल हुए। शाम होते ही मंदिर परिसर, नक्षत्र वाटिका, हवन पांडाल सहित पूरी पहाड़ी पर 2 लाख 51 हजार मिट्टी केदीपक प्रज्जवलित कर आतिशबाजी की गई जिसे पहाड़ी रात्रि में भी रोषन हो उठी। लगातार तीसरे वर्ष इस 108 कुंडीय महायज्ञ में जहां यजमान आहुतियां दे रहे हैं वहीं भव्य दिव्य उत्सव केसाथ वैदिक पाठषाला, सत्संग हॉल, संत कुटिया सहित पार्किंग जोन, काम्पलेक्स बनाकर इस धाम को पर्यटन के दृष्टिकोण से प्रदेष का विषालतम शक्तिपीठ बनाए जाने की मंषा श्रृद्धालु कर रहे हैं। नवरात्रि में अब तक हजारों लोग माता के दर्षन करने यहां आ चुके हैं। आज सप्तमी सहित अष्टमी व महानवमी पर भी हजारों भक्तों सैलाब माता के दर्षन करने पहुंचेगा।

# बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर परिसर में भव्य रात्रि जागरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

चैत्र नवरात्र में नगर में कईं धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। इसी कड़ी में बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में बैजनाथ सेना के तत्वावधान में भव्य रात्रि जागरण आयोजित करवाया गया। कार्यक्रम में सुरधारा म्यूजिकल ग्रुप के गायकों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर भक्ति का समां बांध दिया। इस दौरान नगर के प्रसिद्ध गायक अषोक पाराषर ने भी माता के सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही सुंदर वस्त्रों से माता पार्वती को भी अर्पित करते हुए भोलेनाथ का अभिषेक, श्रृंगार इत्यादि किया गया। इस दौरान मंदिर में फूलों, झिलमिलाती रंगीन विद्युत साज-सजा करवाई गई।

#### मां पार्वती को मानते हैं सौभाग्य की देवी

बाबा बैजनाथ मंदिर परिसर में विराजमान मां पार्वती की दिव्य, अलोकिक प्रतिमा के दर्षन मात्र से सभी के दुख दूर हो जाते हैं। बैजनाथ महादेव के ठीम सम्मुख विराजित होने से मांग का दर्षन करने वाली महिलाएं सौभाग्यवति होकर उनके लिए विषेष फलदायी रहता है।

# लीमाचौहान पुलिस ने चेकिंग के दौरान जब्त की 36 ग्राम स्मैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सारंगपुर-संडावता मार्ग पर रविवार को चेकिंग के दौरान लीमा चौहान थाना पुलिस ने दो बाईक सवारोंके पास से 36 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक को जब्ती में लिया है।

दोनों युवकों को हिरासत में लेकर उन पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। लीमा चैहान थाना प्रभारी अनिल राहोरिया ने बताया कि निपानिया जोड़ पर हमारी चेकिंग चल रही थी। इस दौरान संडावता से लीमाचैहान तरफ आ रहे बाईक सवार दो संदेहास्पद युवकों को रोका गया। जब उनकी तलाषी ली गई तो प्रभुलाल पिता हीरालाल तंवर की जेब से 19 ग्राम और बाईक के पीछे बैठे प्रेमसिंह तंवर के पास से 17 ग्राम स्मैक जब्त की गई।

कुल जब्त 36 ग्राम स्मैम की कीमत 3 लाख 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई में अनिल सिसोदिया, संतोष मंडलोई, जीतेंद्र भिलाला, राधारमण मीणा, दीपक मेवाड़ा, रवि मीणा, दिवाकर, पंकज, कैलाष का विषेष योगदान रहा।

# प्रभुदयाल यादव अभिभाषक संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए

**विदिशा।** रविवार को जिला अभिभाषक संघ के चुनाव हुए। त्रिकोणीय मुकाबले में अध्यक्ष पद के लिए प्रभुदयाल यादव ने जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष राकेश यादव, सचिव प्रेमसिंह दांगी, कोषाध्यक्ष धमेंद्र किरार, वाचनालय सचिव प्रेमनारायण शर्मा, सह सचिव रविंद्र रघुवंशी निर्वाचित हुए। वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य के लिए प्रवीण वासिया, ओपी दुबे, सुनील शर्मा, राजेश यादव, अजय कुशवाह, देवेंद्र चतुर्वेदी निर्वाचित हुए। वहीं कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य ममता जैन, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, उमाशंकर शर्मा, रविन्द्र कुमार चुने गए। निर्वाचन अधिकारी अजय कन्हेरकर के अनुसार अध्यक्ष पद पर प्रभुदयाल यादव को 297, कैलाश सिंह किरार को 95 और संजय चतुर्वेदी को 30 वोट मिले। उपाध्यक्ष राकेश यादव को 339 और राकेश सक्सेना को 74 वोट मिले। सचिव प्रेमसिंह दांगी को 234 और राजेंद्र सिंह दांगी को 180 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के लिए धमेँद्र किरार को 322, जीवन सिंह सेन को 86 मत प्राप्त हुए। इसी तरह सह सचिव पद के लिए रविंद्र रघुवंशी को 245 और नरेंद्र द्विवेदी को 154 वोट मिले।

# रैली निकालकर लोकतंत्र पर्व को उत्साह से मनाने का किया आह्वान




हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जनभागीदारी के बिना लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता। आगामी दिनों में चुनाव के रूप में आ रहे लोकतंत्र पर्व पर आधिकाधिक वोट देकर देष के विकास में भागीदार बनें। उक्त उद्धगार मेड़तवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित मतदाता जागरुकता रैली उपरान्त समिति अध्यक्ष पूजा ने व्यक्त व्यक्त किए गए। नव ज्योति नेत्रदान समिति जीरापुर की अध्यक्ष पूजा सहित मेड़तवाल महिला मंडल अध्यक्ष कुसुम टांक ने थाली में झूठन न छोड़ने का आव्हान सभी से किया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संतोष बरोंज ने कहा कि मृत्यु होने पर मृत्यु भोज, बर्तन कपड़े बांटने की कुप्रथाएं सभी समाजों से खत्म होनी चाहिए। इसके पूर्व मतदाता जागरुकता रैली श्रीनाथजी की हवेली से मेड़तवाल धर्मषाला पहुंची जहां अन्य आयोजन हुए। इस अवसर पर मधु सोनी, भावना गुप्ता, नेहा बरोंज, अनीता लहर, निर्मला जमींदार, कल्पना जमींदार, फूलकुंवर गुप्ता, टीना गुप्ता, अनामिका सिंगी, मंजू करोड़िया, अनीता गुप्ता, पूजा गुप्ता सहित समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

### जिले में अनेकों आयोजनों के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती

# भारत के पहले कानून मंत्री की 133वीं जयंती पर हुए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़-ब्यावरा

स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री एवं भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर मुख्यालय सहित जिले भर में कईं कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। राजगढ़ मुख्यालय पर जयंती अवसर पर एक विषाल चल-समारोह का आयोजन समर्थकों द्वारा करवाया गया। गाजे-बाजे, डीजे की धुन पर भव्यता के साथ यह चल समारोह किला क्षेत्र में पहुंचकर, मेन रोड, तुल्ली चैक, पारायण चैक, बिरसा मुंडा चैक होते हुए मंगल भवन परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस बीच स्थान-स्थान पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व अन्य समितियों व प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा पुष्पवर्षा व अन्य तरह से चल-समारोह में शामिल जन का आत्मीयता के साथ स्वागत, अभिनंदन किया गया। मंगल भवन पहुंचने पर वहां विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम हुए एवं समाज की एकजुटता, अखंडता सहित डॉ. अंबेडकर के बताए पदचिन्हों पर चलने का संकल्प उपस्थिजनों द्वारा लिया गया।



#### प्रतिमा पर अनेकों ने किया माल्यार्पण

डॉ. अंबेडकर जयंती पर स्थानीय मंगल भवन स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर रविवार को कईं राजनैतिक, सामाजिक, सेवाभावी समितियों के लोगों द्वारा माल्यार्पण किया गया। भाजपा पदाधिकारी साकेत शर्मा ने उपस्थितजनों से डॉ. अंबेडकर के बताए पदचिन्हों पर चलने हेतु प्रेरित किया। सभी के द्वारा जयकारे लगाकर मिठाईयां बांटी गईं।



#### कांग्रेसजनों ने उत्साह से मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती

तलेन। संविधान निर्माता की जयंती पर स्थानीय बस स्टैंड स्थित अंबेडकर प्रतिा पर इंकाईजनों द्वारा माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बाबा साहब जयकारे लगाते हुए मिठाईयां बांटी गईं। इस अवसर पर इंका नेता राधारमण त्रिपाठी, राजेंद्र जोषी, ब्लॉक इंकाध्यक्ष ठाकुर पालीवाल, हाफिज मोहम्मद, शफीक पठान, दिनेष यादव, पूर्व नपाध्यक्षे संजय भट्टर, रईस खान, रईस मंसूरी, जुगनू मंसूरी, रामस्वरूप जाटव, मनमोहन यादव, देवकरण जाधव, मनोज यादव, जब्बार अंसारी, कमल यादव, अषोक सोनी, भागीरथ बांधेवाल, नईम अंसारी, रतन यादव, प्रेम मालवीय सहित अन्य उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## रामनवमीं पर नगर में निकलेगी शौर्य यात्रा

**आष्टा।** रामनवमी के पावन पर्व माँ पार्वती की नगरी में 17अप्रैल दिन बुधवार को सैंधव क्षत्रिय राजपूत युवा संगठन, शौर्य समिति आष्टा के तत्वावधान में नगर के प्रमुख मार्गों से भगवान राम की झांकी और शौर्य यात्रा निकलेगी जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चूकी हैं. अध्यक्ष शैलेन्द्र ठाकुर ने बताया कि गायत्री मन्दिर आष्टा से रामनवमी पर भव्य शौर्ययात्रा यात्रा निकलेगी. जो अस्पताल तिराहा से होते हुए खत्री मार्केट, राम मंदिर, गल चौराहा, कुम्हार मोहल्ला, कॉलोनी चौराहा, सेमनरी रोड़ से होते हुए सैंधव समाज के छात्रावास में समाप्त होगी. ततपश्चात भगवान राम की आरती और स्नेहभोज का आयोजन किया जाएगा।

## चुनाव प्रचार में 95 लाख तक व्यय कर सकेंगे

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। श्री राजन ने कहा है कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि रैली आयोजन के लिए किराये/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा।

### कुशवाहा समाज राधा कृष्ण-मंदिर में मना रहा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में वैदिक मंत्रों के साथ शिखर पर स्थापित किया कलश





### यज्ञाचार्य नगर पुरोहित सहित विप्रजनों के सानिध्य में सनातन वैदिक परंपरा के तहत प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के काछी पुरा में स्थित प्राचीन जीर्णोद्धार श्री राधाकृष्ण, श्री राम दरबार, शिवलिंग, लवकुश भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा के महोत्सव मनाया जा रहा है। छठे दिवस पर मीडिया प्रभारी बलराम कुशवाहा ने बताया की प्रातःकाल समय पर मूर्तियों की प्रतिष्ठा के पूर्व कलश को यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रों से पूजन के पश्चात यज्ञशाला की परिक्रमा कराकर कलश को जुलूस के रूप में जीर्णोद्धार मंदिर पर गाजे बाजे के साथ लाया गया। उसके पश्चात यज्ञाचार्य नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक सहित विप्रजनों के सानिध्य में सनातन वैदिक परंपरा के पश्चात शिखर के लाभार्थी परिवार हुकुम कुशवाहा, अक्षय कुशवाहा, राहुल कुशवाहा सहित परिवार जनों के द्वारा स्थापित किया गया। गगनभेदी उद्घोषों के मध्य भक्तजन इस धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित हुए और ऐतिहासिक व धार्मिक कार्यक्रम में पुण्य के भागी बने।

### गोवर्धन पर्वत के महत्व का किया वर्णन

पंच कुण्डीय श्री हरिहर यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद भागवत



महापुराण के पंचम दिवस कथाव्यास पं.डॉ दीपेश पाठक ने गोवर्धन की पुजा की दिव्य कथा को विस्तार पूर्वक सुनाई। जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो गए। बालकृष्ण की अनेकों बाल लीलाओं का वर्णन करने के पश्चात गोवर्धन पूजा व इंद्र के मन मर्दन की दिव्य कथा विस्तार से सुनाई। इस अवसर पर भगवान गिरिराज जी को छप्पन भोग के दर्शन कराए गए। उन्होंने यह भी बताया कि जहां सत्य और भक्ति का समन्वय होता है वहां भगवान का आगमन अवश्य होता है। कथा के दौरान सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसे सुनकर भक्तों को झूमने और नृत्य करने को विवश कर दिया। तत्पश्चात छप्पन भोग के दिव्य प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर भागवत कथा के दौरान नागरपालिक अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ मीना सिंघी, जिला महिला भाजपा अध्यक्ष ऋतु जैन, पार्षद रवि शर्मा, पार्षद अंजनी चोरसिया, विजयलक्ष्मी उपाध्याय, तेजसिंह राठौड़, पूर्व पार्षद भगवत मेवाडा, विशाल चोरसिया, प्रजापति ब्रह्मकुमारी दीदीजी, जीएल नागर, रामेश्वर खड़ेलवाल, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती कमल पांचाल, कमल ताम्रकार, रितेश सोनी पांचम, शिव मेवाडा, सुनील मेवाडा, नबीलाल प्रजापति, मारवाड़ी महिला मंडल, श्री जगदीश्वर धाम महिला मंडल सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने कथाव्यास का स्वागत कर आशीर्वाद ग्रहण किया। उक्त धार्मिक आयोजन में माताए-बहने सहित बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे। साथ ही कुशवाहा समाज द्वारा कुशवाहा समाज के वरिष्ठजन और दानदाताओ का भी स्वागत किया गया।

# भोपाल नाके पर दोपहर में घंटों तक लगा रहा जाम

### दिन में नाले की सफई करने से बिगड़े हालात



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सोमवार को दोपहर 4 बजे बाद भोपाल नाके पर लंबा जाम लग गया कन्नौद मार्ग पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर लंबी वाहनों की लाइन लग गई जाम के कारण चारों ओर वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दे की भोपाल नाके पर चार दिनों से नाला चौक है जिसके चलते गंदा पानी चौराहे पर बह रहा है नगर पालिका आज जाकर जागी और सुधार कार्य शुरू किया लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार या भूल गए कि यहां चौराहा अतिव्यस्ततम है और सफाई कार्य रात में करना था। जैसे ही आज 4 बजे जेसीबी की मदद से नाले की सफाई कार्य शुरू किया वैसे ही चारों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई देखते ही देखते भोपाल नाके से कॉलोनी चौराहा तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई ऐसा ही कुछ हाल पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर दरगाह तक वाहनों की लाइन लग गई, इस दौरान यात्री बस वालों को भी परेशानी उठाना पड़ी करीब डेढ़ घंटे के जाम से पूरे शहर वासी परेशान रहे।

### रात में या सुबह करना था नाले की साफ-सफाई

दरअसल भोपाल नाके पर चार रोड निकलते हैं ऐसे में इस चौराहे पर ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव है। इस बात का नगर पालिका के जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं रखा नाले की सफाई कार्य दोपहर में ही शुरू कर दिया जबकि रात में या फिर सुबह से करना था।

### मार्ग के दोनों और के नाले की सफाई जरूरी

दरअसल भोपाल नाका पर नाला व पुलिया चौक हुई थी उसका मुख्य कारण कन्नौद मार्ग के दोनों और के नाले चौक होना है। कन्नौद मार्ग पर अदालत से लेकर भोपाल नाका तक के दोनों ओर के नाले चौक हैं दोनों नालों में मलबा भरा हुआ है आज जो सफाई हुई उससे कुछ नहीं होता है अगर नगर पालिका ने दोनों नालों की सफाई नहीं कराई तो फिर से नाला चौक हो सकता है। इसलिए सबसे पहले नगर पालिका के जिम्मेदारों को कन्नौद मार्ग के कॉलोनी चौराहा से लेकर भोपाल नाका तक के दोनों और के नालों के लिए सफाई अभियान चलाना पड़ेगा अगर नालों के मालबा हट जाएगा तो यहां परेशानी नहीं आएगी । साथ ही शहर के 18 वार्डों में ही नाले नालियों के लिए नगर पालिका को एक विशेष सफाई अभियान चलाना चाहिए क्योंकि अभी तो कन्नौद मार्ग के नालों की समस्या सामने आई बुधवारा सहित अन्य कई वार्ड में भी यह समस्या बनी हुई है।

### पुलिस ने संभाली कमान

जैसे ही आज कन्नौद मार्ग पर भोपाल चौराहे पर जाम की सूचना पुलिस को मिली वैसे ही एसडीओपी आकाश अमलकर खुद पहुंचे और पुलिस जवानों ने चारों मार्ग पर व्यवस्था संभाल कर आधे घंटे में ही जाम खुलवाया एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि नगर पालिका को नल की सफाई का कार्य रात में करवाना था यहां तक कि हमें सूचना तक नहीं दी जबकि आज मंडी भी चालू है ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव है। नगर पालिका के सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया है कि चार-पांच दिनों से नाला चौक था। इस कारण नाले की सफाई अत्यधिक जरूरी थी गंदा पानी और कचरा सड़क पर बह रहा था जिससे सबको परेशानी उठानी पड़ रही थी।



# स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट में 200 बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

शासन की योजना अंतर्गत शारीरिक दक्षता के आधार पर विद्यार्थी उपयुक्त खेल का चयन कर इसी क्षेत्र में वह अग्रसर हो इसके लिए स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सीहोर जिले के श्यामपुर तहसील के रेड रोज हायर सेकेंडरी स्कूल अहमदपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अहमदपुर संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले अहमदपुर तिनोनिया चरनाल और बरखेड़ा हसन के अंतर्गत आने वाले शासकीय स्कूलों के 8 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों का स्पोर्ट्स टेलेंट टेस्ट लिया।

जिसमें अधिक से अधिक बच्चों ने इस आयोजन में भाग लिया। आयोजित हुए स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट में शासकीय विद्यालयों के करीब 200 बच्चों ने भाग लिया और इस आयोजन की मॉनिटरिंग हेतु संयुक्त संचालक भोपाल श्रीमती शर्मिला बरोक द्वारा समस्त गतिविधियों का अवलोकन करते हुए। इसको खेल एवं युवा



कल्याण विभाग की टीम द्वारा बच्चों के फिजिकल टेस्ट लिया गया।

### बच्चों का लिया स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट

जानकारी देते हुए संयुक्त संचालक भोपाल से मॉनिटरिंग पर आई श्रीमती शर्मिला बरोक ने बताया कि स्कूली बच्चों का स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट जो चल रहा है। कितने बच्चे आ रहे हैं किस प्रकार हो रहा है कैसे फिटनेस है बच्चों में रुचि किस प्रकार है कितने टेस्ट से यह गुजर रहे। इन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। आयोजित हुए स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट कार्यक्रम के दौरान निर्धारित दल से संयुक्त संचालक भोपाल से शर्मिला बारिक से रत्ना जगेशा, नीरज दोहरे, राजेंद्र सिंह दांगी, हेमेंद्र गुप्ता विजय सिंह चौहान इकबाल कुरैशी सहित संकुल केंद्र अहमदपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त शासकीय विद्यालय के शिक्षक गण मौजूद रहे।

## मरीह माता मंदिर पर आज किया जाएगा कन्या भोज

**सीहोर।** शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगनी मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व जाएगा। इस मंदिर में गुप्त नवरात्रि के अलावा चैत्र और शरदीय सभी नवरात्रि को विशेष हवन पूजन का आयोजन किया जाता है। सोमवार को भगवान शिव की भक्ति के साथ शक्ति की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर सुबह यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने यज्ञाचार्य पंडित उमेश दुबे के मार्गदर्शन में यज्ञ में आहुतियां दी, वहीं उसके पश्चात पंडित सुनील कुमार पाराशर के मार्गदर्शन में 151 पार्थिव और 12 ज्योर्तिलिंगों का निर्माण कर पूर्ण विधि-विधान से पूजा की गई। इस मौके पर मंदिर के प्रबंधक रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा आदि शामिल थे। अब मंगलवार महाष्टमी पर कन्या भोज के अलावा रात्रि बारह बजे महानिशा आरती के अलावा बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पंडित श्री पाराशर ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग की पूजा से पहले श्री गणेश, भगवान विष्णु, नवग्रह और देवी पार्वती की आराधना करना चाहिए। शिवलिंग पर बेलपत्र, फूल, आंकड़ा आदि समर्पित करें। कच्चे गाय के दूध से शिवलिंग का अभिषेक करें। पंचमेवा, पंचामृत, मिठाई, फल, धतूरा, भांग आदि का भोग लगाएं और अंत में बाबा भोलेनाथ की आरती उतारें। शिव पुराण के मुताबिक, पार्थिव शिवलिंग के पूजन से जीवन में आ रही कई समस्याओं का समाधान होता है। इसके अलावा मानसिक और शारीरिक कष्टों से भी मुक्ति मिलती है। पार्थिव शिवलिंग को लेकर पौराणिक कथा है कि कलयुग में सबसे पहले कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने पार्थिव शिवलिंग की पूजा शुरू की थी।

# कलश यात्रा के साथ पहाड़ी पर स्थित शीतला माता मंदिर में आठ दिवसीय यज्ञ और मेला आरंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर क्षेत्र के ग्राम कजलास में प्राचीन सिद्धपीठ श्री शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मेले का आयोजन प्रारंभ हो गया है। जो कि 15 अप्रैल से 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर समापन किया जाएगा। इसी के साथ ही रोजाना रात्रि में कथा का आयोजन किया जाएगा। मेले का शुभारंभ मां शीतला के प्रांगण में नवचंडी महायज्ञ प्रारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया।

# भाजपा जावर मंडल ने मनाई बाबा साहब की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर द्वारा आज नगर के मुख्य चौराहे पर संविधान रचयिता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई इस अवसर पर मंडल के ऊर्जावान मंडल अध्यक्ष और राजेंद्र केशव ने बाबा साहब के जीवन पर अपनी बात रखी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा बाबा साहब की जन्मस्थली पर भव्य स्मारक बनाया गया और उनके विचारों की प्रदशनी लगाई गई ये सब भाजपा की सरकार में हुआ है।

अबकी बार 400 बार का नारा लगाते हुए सभी को भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा में प्रचंड जीत का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर के मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि



मनोज वेद, बंटी राठौर, वीरेंद्र सिंह, कैलाश मालवीय, राजेंद्र सिंह सैंधव, सुनील लोधी, कृपाल सिंह ठाकुर, अजय सिंह सेठ ,विजेंद्र सिंह ठाकुर, योगेश भावसार ,राजेश शर्मा ,पवन मालवीय, सुरेन्द्र भाटी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### दिगंबर जैन किला मंदिर पर विराजित गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के शिष्य

# वचनों तक ही सीमित न रहे, आपस में मिल कर रहना सीखें: मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अभी जो भी पर्व आ रहे है उनको भी सार्वजनिक से जोड़ना है । जब हम आगे रहकर इन पर्वों को मनाएंगे तो आने वाली पीढ़ी भी उन पर्वों को मनाएंगे।ये पर्व थकने के नहीं थकान मिटाने के लिए आते हैं। मानसिक थकान, शारीरिक थकान को कम करने के लिए आते हैं। प्रभु और गुरु की प्रभावना अकेले में नहीं सब को साथ लेकर होती है। भीड़ से मतलब नहीं रखना नीड से मतलब रखों।कम संख्या होने से पर्व की महिमा कम नहीं होती,भाग्यहीन को नहीं मिले भली वस्तु का योग।

आष्टा में दसलक्षण पर्व में इतने बड़ी रूप में मनाया जा रहा है, सराहनीय है। आपके पुण्य के भाव से जो कार्य सम्पन्न होने जा रहा है, इसका भरपूर लाभ लें। दो दिनों में उत्तम क्षमा , उत्तम मार्दव धर्म की पूजा की है । वह वचनों तक ही सीमित न रहे,आपस में मिल कर रहना सीखें। यह बातें नगर के श्रीपार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला



मंदिर पर विराजित गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने चैत्र मास के दसलक्षण महापर्व के अवसर पर आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि हमेशा अनुकूलता बनाकर रखें,बिखरे नहीं मिल कर रहे।दो दोस्त तो दस दुश्मन भी मिलेंगे। हम अपने व्यवहार से भाषा से मिलकर ही हर कार्य को बड़े अच्छे ढंग से करना है। दसलक्षण धर्म का दूसरा दिन उत्तम मार्दव धर्म है मुनि सागर महाराज ने कहा दसलक्षण धर्म का दूसरा दिन उत्तम मार्दव धर्म है।ज्ञानावर्जन करा रहे हैं। सबसे पहले आसमान को नहीं मिट्टी को देखें। आसमान से पानी बरसता है।

मिट्टी में जन्मे हैं और मिट्टी में ही मिलना है। बारिश में मिट्टी की सुगंध आती है। मिट्टी में कई गुण है, जिसमें विनम्रता प्रमुख हैं। मान नहीं रखें, कभी भी अभिमान नहीं करें।मुनि सागर महाराज ने कहा कि मार्दव धर्म को अपनाएं। सभी को लेकर चलें। अहंकार नहीं करें, मृदु बने। अपने परिवार व समाज में लघु बनकर रहोगे तो आपको बहुत सम्मान मिलेगा,लघु होने की शिक्षा मार्दव धर्म से मिलती है। भावों का खेल है, साधना है। मैं और मेरे,हम में अंतर है।दो पंखों से ही पक्षी उड़ता है। मैं में अहंकार आता है। निर्मल भाव रखें। व्यक्ति खाली हाथ आया है और खाली हाथ जाना है। प्रभु की कृपा से सबकुछ है, भावों में मैं नहीं आना चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अबू धाबी के लिए चयनित हुए शुभम वर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम खड़ी हाट का नाम अब होनहार खेल प्रेमियों के कारण कुश्ती, मार्शल आर्ट जैसे खेलों में भी हो रहा है। खड़ी हाट का प्रतिनिधित्व शुभम वर्मा अब विदेशों में करने जा रहे हैं। कोच विजेंद्र खरसोदिया, रोहिणी कलम के सानिध्य में पूरे जिले के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है। खड़ी हाट निवासी हरिसिंह वर्मा के पुत्र शुभम वर्मा का चयन एशियन गेम्स अबू धाबी के लिए हुआ है। 1 से 8 मई तक आयोजित होने वाले एशियाई चौंपियनशिप के अंतर्गत जू जित्सू 2024 में भारत का नेतृत्व शुभम वर्मा करेंगे। इस खुशी के अवसर पर बजरंग सेना के पद अधिकारियों और उनके दादा अनोखी लाल, ताऊ मनोहर सिंह व्यापारी और समस्त ग्राम वासी, उनके परिवार जन ने बधाई दी। बजरंग सेना ने उन्हें सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।